पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस

रायपुर (निप्र)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय का मंगलवार को 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गौरतलब है कि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का पहला पत्रकारिता एवं जनसंचार विषयों पर केंद्रित विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय का उदघाटन 16 अप्रैल 2005 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने किया था। यहां पत्रकारिता एवं जनसंचार से संबंधित पाठ्यक्रम बीए (जेएमसी), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) एमजे, एमएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), एमए (एपीआर) एवं एमए (एमसी) सहित डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, उपकुलसचिव सौरभ शर्मा, एसोसिएट प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. नृपेन्द्र शर्मा समेत समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

निधन के बाद मोंगरा साहू का मृत शरीर मानवता को समर्पित

भिलाई (निप्र)। मरने के बाद जिंदा समाज की भलाई के लिए मृत शरीर दान देने का एक और संकल्प पूरा हुआ। रिसाली के मकान नंबर 254एफ निवासी बीएसपी सेवा निवृत टीभन लाल साहू ने अपनी पत्नी मोंगरा साहू के साथ 18 अक्टूबर 2021 को प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। 15 अप्रैल को मोंगरा साहू के निधन की सूचना पर संस्था प्रनाम के द्वारा वाहन आदि उपलब्ध करवाकर अन्य औपचारिकताएं पूरी कर बाद स्व. मोंगरा साहू के पार्थिव शरीर को राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, चंदखुरी को मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु समर्पित किया। इस दौरान देहदानी टिभन लाल साहू,उनके पुत्र राजेंद्र साहू के अलावा पवन केसवानी,पुनाराम साहू,गंगाधर पटेल,हेमशंकर साहू, ओजस,देवेंद्र लहरी, टी एल साहू, डीपी साहू, दिलीप कुमार साहू, एनएस हिरवानी, लक्ष्मी नारायण साहू, एमआर साहू के अलावा अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, एनएच, हाउसिंग बोर्ड का बैठक लिया

सारंगढ़ बिलाईगढ़ (निप्र)। कलेक्टर श्र्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय और राज्यीय राजमार्ग (नेशनल एवं स्टेट हाईवे) सहित हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक लिया। बैठक में कलेक्टर साहू ने सभी अधिकारियों से उनके द्वारा जिले में अब तक किए गए पूर्ण, अपूर्ण और प्रगतिरत विभागीय कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा किया। साहू ने सभी प्रगतिरत और अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू को लोक निर्माण विभाग के अधीन कार्यों के बारे में पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार ने जानकारी दी। इसी प्रकार एसडीओ जल संसाधन विभाग रतिराम सिंह, डी.आर. डहरिया और एस.के. चन्द्राकर ने क्रमशः बरमकेला, सारंगढ़ और पवनी भटगांव क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले जलाशय, लघु जलाशय, सिंचाई व्यवस्था, मरम्मत के कार्यों आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, हाउसिंग बोर्ड, नेशनल और स्टेट हाईवे के अधिकारी उपस्थित थे।

राजधानी में बनेंगे वेडिंग जोन, वाई-फाई के साथ मिलेगा चार्जिंग पॉइंट

रायपुर (निप्र)। रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के चार जगहों का निरीक्षण किया, जहां वेंडिंग जोन के साथ ही सीटिंग जोन बनाने की भी योजना बनाई गई है। गांधी उद्यान के पास परीक्षण के लिए एक सीटिंग जोन बनाया गया है। ये 8 सीटर है। इसमें वाई फाई और चार्जिंग पॉइंट लगाया जाएगा। वेंडिंग जोन इसके आसपास बनाएं जाएंगे। लोग वेंडिंग जोन से खाने का सामान खरीद कर सिटींग जोन में बैठकर आराम से खा पी सकेंगे। साथ ही वाई फाई का भी आनन्द ले सकेंगे। मोबाईल की बैटरी भी चार्ज कर सकेंगे। मंगलवार को निगमायुक्त मिश्रा ने इसका निरीक्षण किया। उन्हें ये पसन्द भी आई। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को कुछ दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी जगहों के वेडिंग कार्ट और सीटिंग जोन के रंग में एकरूपता होनी चाहिए। रंग भी अच्छा होना चाहिए। जिसे देखकर ही लोगों के लगे कि ये वेडिंग जोन है और वे आकर्षित हो सकें। उन्होंने गांधी उद्यान के साथ ही पुजारी पार्क, जब्बार नाला के पास पाम बैलीजियो के नजदीक की जगह , बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जगह और आमानाका के पास की जगहों का भी निरीक्षण किया। इन जगहों पर उन्होंने ये भी परखा की वेडिंग जोन में आने वाले अपनी गाड़ियां किस जगह पर पार्क कर सकेंगे।

नगर निगम कैनोइंग क्लब के साथ दिया बोट पर वोट का संदेश

रायपुर (निप्र)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन द्वारा आम मतदाताओं को 7 मई को मतदान का संदेश देने संचालित अभियान के तहत नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन -4 की टीम ने कैनोइंग क्लब के साथ बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । तैराकों ने अपने साथ बोट में मतदान संदेश के प्ले कार्ड्स के साथ अपने करतब भी दिखाए। इस दौरान जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा , सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास ने मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों को मतदान शपथ दिलाई। अद्भुत प्रदर्शन को देखने इस दौरान कई नागरिक उपस्थित थे ।

नामांकन के तीसरे दिवस 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किया जमा

दुर्ग, (निप्र)। लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के तीसरे दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 5 नामांकन जमा हुआ, जिसमें बलदेव सिंह साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी ने नामांकन पत्र जमा किया। आज नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन एक अभ्यर्थी खिलानंद जसपाल निर्दलीय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। इसी प्रकार अब तक 10 अभ्यर्थियों नें अपना नामांकन पत्र जमा किये। वहीं अब तक 23 लोगों ने नामांकन खरीदी किये हैं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

सारंगढ़ बिलाईगढ़,(निप्र)। आईएएस और सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन के नेतृत्व और उपस्थिति में सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ के छात्र-छात्राओं के समूह ने सारंगढ़ अनुविभागीय क्षेत्र के ग्राम कनकीडीपा में मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक किया। नाटक में प्रलोभन से बचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने, बिना डर, दबाव के मतदान करने, एक मतदान से लोकतंत्र में हार-जीत के अंतर, मजबूत और सुंदर लोकतंत्र के निर्माण में स्वतंत्र मतदान का महत्व आदि के बारे में ग्रामीण मतदाताओं को समझाया गया।

अजय जाम्वाल ने कोर कमेटी सदस्यों को दिया जीत का मंत्र

रायपुर (निप्र)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटी के सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक भारतीय जनता पार्टी के एकात्मक परिसर में हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल की उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति बनाई गई। बैठक में चुनावी रणनीति एवं उसके क्रियान्वयन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश सभी विधानसभाओं के कोर कमिटी सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को जाम्वाल द्वारा दिए गए।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को संबोधित किया। साथ ही चुनाव संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधित रणनीति के गुर उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। अजय जाम्वाल ने उपस्थित कोर कमिटी सदस्यों को छत्तीसगढ़ में बड़े बहुमत से सरकार बनाने बधाई प्रेषित की। कहा ये आपके अथक परिश्रम का प्रतिफल ही है, जो हमने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। उन्होंने आगे कहा की लोकसभा चुनाव में भी आपका प्रदर्शन पहले से बेहतर होना चाहिए। आप राजधानी के निवासी हैं पूरा प्रदेश आपका अनुसरण करता है। इसलिए आपको इतनी मेहनत करनी है और ऐसा चुनावी माहौल तैयार करना है की पूरे प्रदेश में आपके द्वारा बनाए गए माहौल का करेंट पहुंचे और अन्य लोकसभाओं में भी आपकी ऊर्जा से प्रेरणा ली जाए।

जिन विधानसभा में कम मतदान हुआ है वहां के बूथों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : अजय जांबवाल

अजय जांबवाल ने बूथों की ग्रेडिंग करने पर जोर दिया और कहा सबसे पहले कमजोर बूथों

को जहां हमें विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम मतदान प्राप्त हुआ उन सभी बूथों में विशेष ध्यान देकर उन बूथों को मजबूत करने हेतु कार्य करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक और सेवा समूहों से संपर्क स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने बूथों पर 370 की बढ़त को सीमित नहीं अपितु गहरे महत्व का बताते हुए जांबवाल ने कहा 370 मतों और देश में 370 सीटों का बहुमत भारत के भविष्य को निर्धारित करेगा इसके बहुतेरे महत्व है आपको इसके गूढ़ अर्थ को समझना होगा और जनता के बीच उसी भावना के साथ पहुंचना होगा। कहा-इस बार हम छत्तीसगढ़ की सभी 11 की 11 सीटों पर जीत हासिल करेंगे।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने विभिन्न दायित्वों को विस्तार से समझाया

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने उपस्थित कोर कमिटी सदस्यों की पहले उपस्थिति दर्ज की एवं उसके पश्चात उन्हें मार्ग दर्शन प्रदान किया। संगठन महामंत्री पवन साय ने उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित प्रदान किए गए विभिन्न दायित्वों को विस्तार से समझाया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को बताया की आपको दिया गए दायित्व में आपको क्या करना है। पवन साय ने उदाहरण देते हुए कहा की जैसे विधानसभा वार संपर्क प्रमुखों का निर्माण किया गया। उनका कार्य है की प्रत्येक सामाजिक, व्यापारिक और मोहल्ला पहुंचकर उनसे संपर्क स्थापित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में उनसे खुली चर्चा करना। रायपुर लोकसभा अंतर्गत कुल 9 विधानसभाएं में से आज मंगलवार को 5 विधानसभाओं रायपुर दक्षिण , उत्तर , पश्चिम , रायपुर ग्रामीण और अभनपुर विधानसभा के कोर कमिटी सदस्यों की बैठक हुई।बैठक में प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव , विधायक पुरंदर मिश्रा , इंद्रकुमार साहू , लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा , लोकसभा संयोजक अशोक बजाज , जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती भाई पटेल , जगन्नाथ पाणिग्रही , चंद्रशेखर साहू , पूनम चंद्राकर , श्रीचंद सुंदरानी , नंदकुमार साहू , अनुराग अग्रवाल , अशोक पांडेय , छगन मुंदड़ा , ओंकार बैस , नलीनेश ठोकने , अमित साहू , मोहन एंटी , सुभाष तिवारी , जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर ,अवधेश जैन , डॉ. सलीम राज , नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे , महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा संतोष साहू सहित विधानसभा कोर कमिटी और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे । आहूत विशेष बैठक में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुवा और आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग ने किया।

बाल विवाह एक सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध

दुर्ग,(निप्र)। रामनवमी, अक्षय तृतीय के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर देखा जाता है कि अशिक्षा एवं भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। उक्त बाल विवाह को जिले में पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित की गयी है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। किसी महिला को कारावास का दण्ड नहीं दिया जा सकता है।

बाल विवाह करना सामाजिक बुराई एवं कानूनन अपराध है एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों से आम जनता को जागरूक किये जाने तथा किसी भी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग (फोन नं.-0788-2213363, 2323704) चाईल्ड हेल्प लाईन (1098), परियोजना कार्यालय, पुलिस विभाग (112, 100) महिला हेल्पलाईन (181) वार्ड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति में संपर्क कर सकतें है।

हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्रों ने प्रभात फेरी के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

मां महामाया मंदिर रतनपुर में श्रद्धालुओं ने ली शत प्रतिशत मतदान की शपथ

बिलासपुर (निप्र)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता के उद्देश्य को पूरा करने हर वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। शहर के रेलवे स्कूल के छात्रों ने प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया, वहीं महामाया देवी मंदिर परिसर में लोगों ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

जिले में हायर सेकण्डरी स्कूल के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली और अन्य गतिविधियों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में रेलवे क्षेत्र के स्कूल क्रमांक 01 के छात्रों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने रेलवे स्टेशन के पास

प्रभात फेरी के जरिए लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। प्रभात फेरी में स्कूल के स्काउट, एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। हाथो में बैनर, पोस्टर और जागरूकता से संबंधित नारों के साथ छात्रों ने मतदान के लिए अपने क्षेत्र के लागों को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी का संदेश दिया। स्वीप के तहत महामाया मंदिर परिसर में भी सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ लोकतंत्र में योगदान की शपथ ली। परिसर में भक्तों और कर्मचारियों ने लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिला समूह, हाई स्कूल के छात्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व विभिन्न सामाजिक संगठन और विभागीय स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभियान के तहत लोगों को 7 मई को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।

कलेक्टर ने पूजा-पाठ करके मतदान कर्मियों के बस को किया रवाना

बीजापुर (निप्र)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होनी है जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण ही जा चुकी है। जिले में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है ताकि मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। संसदीय क्षेत्र बस्तर क्रमांक 10 के अर्न्तगत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में मतदान की पूरी तैयारियां की गई है। बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हाकिंत 76 मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से मतदान दलों की रवानगी सुबह से शुरू हो चुकी है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने मतदान कर्मियों के बस का विधिवत पूजा-अर्चना कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए ईश्वर से कामना करते हुए मतदान दलों को हेलीपैड रवाना किया जिसके बाद क्रमशः मतदान दलों को चिन्हाकिंत मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है।

भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को विकास व प्रगति के अवसर देगा : ओपी चौधरी

रायपुर (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है। इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने तथा सर्वतोमुखी विकास के पर्याप्त अवसर मिले हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहाँ निवेश की नई संभावनाएँ आकार लेती हैं, उद्योग-कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है । युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है और आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। भाजपा का यह भी वादा है कि सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी केंद्र सरकार की ओर से सहयोग दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति तभी सुनिश्चित हो सकती है जब उनके कौशल का उन्नयन करके उन्हें शुरूआत का अनुकूल अवसर मिले। भाजपा इसके लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग के विस्तार भी फोकस कर रही है। इसी प्रकार स्टार्टअप्स को-मेंटरशिप के साथ ही सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने का वादा भाजपा का है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर मुहैया कराने के लिए भी भाजपा ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स स्थापित कर और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को नए पंख देने का विजन सामने रखना भाजपा की सकारात्मक सोच का प्रतिबिम्ब है। श्री चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि देश की तरुणाई अपने विकास के अवसरों के साथ अपने भविष्य को नई दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को इस लोकसभा चुनाव के जरिए धरातल पर साकार करने प्रतिबद्ध हो चुकी है।

एचएमएस यूनियन की पहल से करंट से मृत छात्र के परिजनों को मिला 5 लाख का मुआवजा

भिलाई (निप्र)। श्रमिक यूनियन हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की पहल फिर एक बार सार्थक हुई है। इस बार फैक्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से मृत छात्र के परिजनों को यूनियन की पहल पर जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री संचालक से 5 लाख रुपए का मुआवजा मिला है। इस दौरान एचएमएस यूनियन के छत्तीसगढ़ राज्य कार्यवाहक अध्यक्ष एच. एस. मिश्रा ने फैक्ट्रियों में नियम कानून के पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में 13 अप्रैल की दोपहर को पार्ट टाइम जॉब करने वाले एक कॉलेज के छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विकास (19 वर्ष) की करंट लगने से मौत हो गई। करंट लगने के बाद छात्र को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव को मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। घटना के अगले दिन परिजनों के साथ मृतक छात्र के मोहल्ले के लोग फैक्ट्री के बाहर पहुंचे। वहीं फैक्ट्री संचालक गेट में ताला लगाकर नदारद हो जाने से तनाव की स्थिति बन गई थी। इस बात की जानकारी देते हुए हिंद मजदूर सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एच. एस. मिश्रा को मौके पर बुलाया गया। जिस पर श्री मिश्रा यूनियन के पांच अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे।

जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्रमिक नेता एच. एस. मिश्रा ने पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद फैक्ट्री संचालक के समक्ष समझौते की रुपरेखा को सामने रखा। इस दौरान भाजपा नेता मनीष पाण्डेय और जेपी यादव भी मौजूद थे। जिसके बाद फैक्ट्री संचालक ने मात्र 4 दिन ही फैक्ट्री में काम करने के बाद करंट लगने से मृत छात्र के अंतिम क्रिया कर्म के लिए तत्काल 50 हजार रुपए नकद और साढ़े 4 लाख रुपए का चेक पीड़ित परिवार को मुआवजा स्वरुप सौंपा। इस दौरान तहसीलदार ने दुर्घटना बीमा तथा श्रम विभाग के प्रावधान के तहत और भी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है।

जैन व्यापार मेला : कुकिंग प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बनाए लजीज पारंपरिक व्यंजन

रंगारंग कार्यक्रम जैन टेलेंट शो में बच्चो ने दिखाई अपनी कला

रायपुर (निप्र)। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के 3 दिवसीय जैन व्यापार मेले के दूसरे दिन 16 अप्रैल को भीड़ उमड़ पड़ी। व्यापार मेले की संयोजिका समर्पण सखी महिला मंडल एवं महिला मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन प्रदर्शित तरह तरह से हस्त निर्मित सामग्री को देखने स्टॉल में काफी भीड़ रही। महिला मंडल की मंजू सेठिया ने बताया की इस जैन व्यापार मेले में 100 स्टॉल मेले हेतु एवं 10 स्टॉल फूड कोर्ट हेतु बनाए गए है। मेले में उपस्थित सखी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू टाटिया एवं समर्पण महिला मंडल की अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़ ने बताया की यह जैन व्यापार मेला पिछले 7 वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जैन समाज की वो महिलाए जो घर पर बैठे बैठे या बाहर जाकर कार्य कर रही है। इनको उनकी द्वारा बेची या बनाई जा रही वस्तुओ के लिए उचित बाजार एवं मूल्य प्राप्त हो सके एक ही छत के नीचे सभी की जरूरत का समान उपलब्ध हो सके। मेले में स्टाल हेतु

बहुत की काम दाम में स्टाल उपलब्ध करवाए गए है।इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा पूरे भारत वर्ष से जैन समुदाय के लोग आकर स्टॉल लगाते है। इस वर्ष राजधानी रायपुर के अलावा टाटानगर,जयपुर राजस्थान धमतरी राजिम दुर्ग भिलाई राजनांदगांव बालोद के महिलाओं द्वारा स्टाल लगाए गए है।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की 15 दिवसीय प्रभात फेरी में 16 अप्रैल को सुबह 6.30 प्रभात फेरी लाभांडी पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी से शांति नगर अपार्टमेंट रोमेंसक्यू विला के बाजू लाभांडी में समाप्त हुई। जहा कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी साधुमार्गी जैन समता युवा संघ, रायपुर के सदस्य के साथ बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।प्रभात फेरी में बच्चो ने धार्मिक एवं सामाजिक संदेश के लिए वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस में भाग लिया।

विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रातः 11:00 जीव दया का कार्यक्रम समरथ महिला मंडल द्वारा सेवा भारतीय मातृछाया कोटा रायपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमे शोभा गोलछा नेहा श्रीमाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। दोपहर 2 बजे वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, द्वारा कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है जो की आम्रपाली द्वारा दादाबाड़ी, एम. जी. रोड में आयोजित की जाएगी। जिसमे ,सोनल बरडिया,पुष्प कोठरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

15 अप्रैल को रात 8 बजे जैन दादा बाड़ी में जैन गोट टेलेंट का आयोजन किया था जिसमे जैन समाज के बच्चो ने भाग लेकर अपने अपने अंदाज में अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन में बच्चो द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों के द्वारा अपनी कला दिखाई। किसी ने नाटक के माध्यम से अनाज एवं भोजन झूठा न छोड़ने का दिया संदेश तो किसी ने जैन ग्रंथ के नाटक के माध्यम से पौराणिक कथा का मंचन किया। आयोजन में बच्चो ने कल्चर डांस की अद्भुत प्रस्तुति भी दी।

जैन दादा बाड़ी में महिलाओं का कुकिंग स्पर्धा आयोजित की गई। जो को दोपहर 2 बजे वासुपूज्य मनोहर महिला मंडल, द्वारा कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसमे, सोनल बरडिया,पुष्प कोठरी एवं उनकी टीम के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। इस स्पर्धा में काफी महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा में पंजाबी, राजस्थानी, साउथ इंडियन, गुजराती, मराठी व्यंजन बना कर और उनको उनके ही अंदाज में परोसा गया। भाग लिए प्रतिभागियों द्वारा जो व्यंजन बनाए गए थे परिधान भी उसी सभ्यता के अनुसार पहने थे इस प्रतिस्पर्धा में निर्णायक पारुल जैन एवं उनकी टीम रही।